प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश– देहरा क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा।
- प्रदेश में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना शुरू– आबादी देह रकवा में कब्जे वाली भूमि का मिलेगा स्वामित्व कार्ड।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित– देश के विकास में उनके योगदान को किया गया याद।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू ज़िले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सुनीं जन समस्याएं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को अधूरी परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले के देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि का निरिक्षण किया और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने देहरा में खोले गए नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अलावा अन्य कार्यालय स्थापित करने के लिए ज़िला प्रशासन को जल्द भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरा में विभिन्न स्कूलों का दौरा भी किया और बच्चों के साथ बातचीत की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि देहरा कॉलेज का नया भवन बनाया जाएगा और अधूरे भवनों के कार्य को पूरा करने के लिए 7 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत में देहरा उत्सव भी मनाया जाएगा जिससे क्षेत्र में पर्यटन व लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरा व ज्वालामुखी में बिजली की तारे भूमिगत की जाएंगी और इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के खूंडियां और जस्वां–परागपुर के डाडासिबा में नए बस अड्डे बनाए जाएंगे।

स्वामित्व योजना

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर के दोसड़का पुलिस मैदान में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने 11 तहसीलों के एक सौ 10 पात्र परिवारों को संपत्ति कार्ड वितरित किए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि भू–राजस्व मैनुअल में राज्य सरकार बदलाव की तैयारी कर रही है और पहले चरण में एक सौ 90 गांवों के चार हजार दो सौ से अधिक परिवारों को

संपत्ति कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य गांव के आबादी देह रकवा में भूमि मालिकों के कब्जे वाली भूमि का उन्हें स्वामित्व कार्ड उपलब्ध करवाना है जिससे लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना को धरातल पर लागू करने के लिए ड्रोन से मार्किंग की गई और प्रदेश के 15 हजार एक सौ 96 गांवों में से अभी तक 13 हजार 5 सौ 99 आबादी देह गांवों में ड्रोन मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लैंड रेवन्यू कोर्ड में बदलाव लाया गया है और पिछले 6 महीने में एक लाख 57 हजार इंतकाल किए गए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पक्का भरो में कर व आबकारी विभाग की लगभग 2 करोड़ रुपये से बनने वाली कॉलोनी और 5 करोड़ 59 लाख रुपये से निर्मित होने वाली टाउन भराड़ी–नंधन–प्लासी सड़क का शिलान्यास भी किया।

पुण्यतिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि है। इस मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित कर वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि दी गई। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इधर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और अन्य नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता व प्रखर नेता थे और उन्होंने जीवन पर्यन्त मूल्य आधारित राजनीति की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। इस मौके पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में वाजपेयी जी के नेतृत्व में जीत हासिल हुई थी और उन्हीं के कार्यकाल में सफल परवाणु परीक्षण करवाया गया था।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों मे अध्यापकों के खाली पदों को भरना सरकार की प्राथमिकता है और जल्द ही प्रदेश के स्कूलों में 5 सौ 85 प्रवक्ताओं की भर्ती कर इनकी तैनाती दूरदराज के क्षेत्रों में होगी। उन्होंने आज राजकीय महाविद्यालय चंबा में विभिन्न महाविद्यालयों और स्कूलों के प्रभारियों के साथ बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर व्यापक चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में शिक्षा विभाग में 7 हजार से अधिक पद भरने को मंजूरी दी है और पहले चरण में दो हजार 3 सौ जेबीटी व टीजीटी अध्यापकों की बैच वाईज नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि 2 हजार 8 सौ टीजीटी अध्यापकों की सीधी भर्ती की जाएगी। रोहित ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कोहलड़ी में लगभग 79 लाख रुपए से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज कुल्लू ज़िले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मणिकरण घाटी के शाट, चौहकी, पोहल और बलादी में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पिछले 15 दिनों में प्रदेशभर में भारी वर्षा और बादल फटने की घटनाओं में काफी तबाही हुई है। उन्होंने बताया कि सैंकड़ों सड़कों को नुकसान पहुंचा है और इन्हें बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग कार्य कर रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को सात–सात लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की जाएगी और सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों को तीन महीने की खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में राज्य सरकार द्वारा टूरिज्म विलेज खोलने की बात को हास्यास्पद बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इस तरह के फैसलों को स्वीकार नहीं करेगी और इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार टूरिज्म विलेज बनाना चाहती है तो उसका स्वागत है लेकिन इसके लिए विश्वविद्यालय का प्रयोग करने की बात दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष के नेता ने कहा कि एक ओर जहां केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दे रही है वहीं राज्य सरकार कृषि विश्वविद्यालय में अनुसंधान के कार्य को हतोत्साहित कर रही है। अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि मनरेगा कार्यों के लिए पंचायतों को समूचित बजट प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सोलन ज़िले के नालागढ़ में अनेक विकास कार्यों के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि अब प्रदेश में नए पंचायत भवन एक ही नक्शे से बनेंगे और इसके लिए एक करोड़ रुपये से अधिक प्रावधान किया जा रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में मनरेगा के तहत बेहतर कार्य हो रहा है और सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एक हजार 2 सौ करोड़ रुपये के मनरेगा कार्य किए गए हैं।

भाजपा प्रवक्ता

पश्चिम बंगाल में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी से इस्तीफे की मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वहां की राज्य सरकार जिम्मेदार है और सबूतों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में मुख्यमंत्री ममता

बैनर्जी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। राधिका खेड़ा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था बेहद दयनीय है और राज्य सरकार अपराधियों को पकड़ने के बजाए उन्हें संरक्षण दे रही है।

महारल पंचायत

प्रदेश की तीन पंचायतों की महिला प्रधानों को कल नई दिल्ली में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने का अवसर मिला। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 4 सौ पंचायत प्रधानों को आमंत्रित किया गया। हमीरपुर के बीझड़ ब्लॉक की महारल पंचायत की प्रधान विजय कुमारी भी इनमें से एक हैं। उन्होंने आकाशवाणी शिमला से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ये उनके लिए गौरव के पल रहे, जब उन्हें दिल्ली जाकर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विजय कुमारी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित राज्य सरकार का भी आभार जताया है।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें मूरंग पंचायत के लिए एक करोड़ 81 लाख रुपये से बनी बहाव सिंचाई योजना तिमचे, मूरंग झूला के समीप वाहन पार्किंग का उद्‌घाटन और अनेक सम्पर्क मार्गों के शिलान्यास शामिल है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि मूरंग पंचायत की पेयजल व मल निकासी की समस्या का निपटारा भी जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज ठियोग के आलू मैदान में ज़िला स्तरीय रियाली ठियोग उत्सव का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। शांडिल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में प्रयास जारी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज दोपहर बाद वर्षा हुई। पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के बाद अभी भी अनेक सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं और इन्हें खोलने के लिए प्रशासन ने भारी मशीनरी लगाई है। मौसम विभाग ने 22 अगस्त तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश– देहरा क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा।
- प्रदेश में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना शुरू– आबादी देह रकवा में कब्जे वाली भूमि का मिलेगा स्वामित्व कार्ड।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित– देश के विकास में उनके योगदान को किया गया याद।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू ज़िले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सुनीं जन समस्याएं।